SWIS-H
STATEWIDE INFANT
SCREENING - HEARING

मेरे बच्चे को नैदानिक जाँच की आवश्यकता क्यों है?

यदि सुनने की क्षमता की पहली दो जाँचों में परिणाम स्पष्ट नहीं आता तो आपके बच्चे की नैदानिक जाँच करवाने की आवश्यकता हो सकती है।

इसके कई कारण हो सकते हैं।

हो सकता है कि:

- जन्म के बाद आपके बच्चे के कान में तरल पदार्थ या कोई अन्य अवरोध होना।
- आपके बच्चे में कुछ हद तक बहरापन होना

जल्द से जल्द यह जानना आवश्यक है कि आपके बच्चे की सुनने की शक्ति कितनी अच्छी है, जिससे कि आपको व आपके बच्चे को सही सलाह व सहायता मिल सके।

यदि आप अस्पताल से 100 कि॰ मी॰ से अधिक दूरी पर रहते हैं तो जिस व्यक्ति ने यह पुस्तिका आपको दी है, उससे SWIS-H यात्रा सहायता योजना के बारे में जानकारी लें।

नैदानिक जाँच के समय क्या होगा?

आपके बच्चे की सुनने की शक्ति के विषय में विस्तार से जानने के लिए कई जाँच की जाएँगी।

श्रवण-विज्ञानी (Audiologist), जो सुनने की शक्ति का विशेषज्ञ होता है, ये जाँचें करेगा। ये जाँचें निःशुल्क हैं।

इनमें से किसी भी जाँच से आपके बच्चे को कोई भी कष्ट नहीं होगा।

इस जाँच के लिए मैं अपने बच्चे को कैसे तैयार करूँ?

सबसे अच्छा तो यह है कि, जाँच के समय बच्चा सोता रहे। इसलिए, जल्दी आना बेहतर रहेगा, क्योंकि इससे आपको बच्चे को दूध पीला कर आराम से सुलाने का समय मिल जाएगा।

यदि आपके और भी बच्चे हैं तो घर पर उन की देखभाल के लिए किसी का प्रबंध करना आवश्यक है, जिससे कि जाँच के समय, आप अपने छोटे बच्चे के साथ रह सकें। वातावरण शांत होना आवश्यक है।

क्योंकि नैदानिक जाँच में कई प्रकार की जाँच होती हैं, सुबह या दोपहर के बाद, जब भी आपका समय नियत किया गया है, पूरा समय लग सकता है। आपको मदद देने के लिए भी आप अपने साथ किसी को ला सकते हैं।

नैदानिक जाँच कैसे की जाती है ?

इस नैदानिक जाँच को श्रवण मस्तिष्क नली प्रतिक्रिया [Auditory Brainstem Response (ABR)] कहते हैं। संवेदक (Sensors), जो स्क्रीन में उपयोग किए जाने वाले जैसे होते हैं, उन्हें आपके बच्चे के सिर पर रखा जाएगा। आपके बच्चे को हैडफ़ोन के द्वारा आवाज़ें सुनायी जाएँगी। आपके बच्चे की आवाज़ों के प्रति जो भी प्रतिक्रियाएँ होगीं उन्हें रिकार्ड कर लिया जाएगा। यह प्रतिक्रियाएँ, आपके बच्चे द्वारा हल्की से हल्की सुनी जाने वाली आवाज़ दिखाएँगी।

जाँच के बाद क्या होगा ?

आमतौर पर, श्रवण-विज्ञानी (Audiologist) उसी दिन आपको परिणाम बता देगा और यह भी कि इस परिणाम का क्या अर्थ है।

यदि आपके बच्चे में बहरापन पाया जाता है तो आपको NSW के विशेषज्ञ सेवाओं वाले बच्चों के तीन अस्पतालों में से एक में भेजा जाएगा। इन सेवाओं को एक रिपोर्ट भेजी जाएगी। आपकी अनुमति होने पर आपको, आपके स्थानीय डॉक्टर व आपके बच्चे के बाल-विशेषज्ञ को भी इसकी कॉपी भेजी जाएगी। आपको व आपके बच्चे को जो भी सेवाएँ व सहायता चाहिएँ, वे उपलब्ध कराने में श्रवण-विज्ञानी व सामाजिक कार्यकर्त्ता आपकी सहायता करेंगे।

यदि आपके बच्चे की सुनने की शक्ति सामान्य पायी जाती है, पर बाद में कभी आपको उसकी सुनने की शक्ति, बोलने या भाषा के विकास से संबंधित कोई चिंता होती है तो कृपया अपने बच्चे की सुनने की शक्ति की दुबारा जाँच करवाने का प्रबंध करें।

आरम्भ करने का एक प्रथम उत्तम स्थान है आपके परिवार का डॉक्टर।

सुनने की शक्ति की जाँच किसी भी आयु में करवाई जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दी गई वेबसाईट पर देखें:

http://www.health.nsw.gov.au/kids-families

स्थानीय संपर्क / मिलने का विवरण

स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए हैल्थ डायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया से http://www.healthdirect.gov.au/ *(healthdirect Australia)* पर

या 1800 022 222 पर संपर्क करें

NSW GOVERNMENT | Health

© NSW Health September 2016 SHPN (NKF) 150247

Hindi - Why does my baby need a diagnostic assessment?